Class - 3

Subject - HINDI COURSE BOOK

पाठ – 5

शब्दार्थ लिखें :–

तरकीब – उपाय

प्रसन्न – खुश होना

गुज़रना – निकलना

कराहना – दर्द से चिल्लाना

संकट – मुसीबत

मार्ग – रास्ता

शत्रु – दुश्मन

दर्द – पीड़ा, तकलीफ

चतुर – होशियार

सामना – मुकाबला

मौखिक :–

2. क. माँ मेमने को नानी के घर क्यों नहीं भेजना चाहती थी?

उत्तर माँ मेमने को नानी के घर इसलिए नहीं भेजना चाहती थी क्योंकि जंगल में बहुत सारे जंगली जानवर थे जो मेमने को खा जाते।

ख. क्या कहने पर ढोलकी चल पड़ती थी?

उत्तर 'चल मेरी ढोलकी चलती चल' यह कहने पर ढोलकी चल पड़ती थी।

ग. मेमने ने सभी जानवरों से क्या कहा?

उत्तर मेमने ने सभी जानवरों से यही कहा –

"नानी के घर जाऊँगा।

दूध मलाई खाऊँगा।

मोटा होकर आऊँगा।

फिर तुम मुझे खा लेना।"

लिखित :–

दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. मेमने ने अपनी माँ से क्या पूछा?

उत्तर मेमने ने अपनी माँ से पूछा – "माँ, मेरी नानी कहाँ रहती है?"

ख. मेमने ने माँ को क्या तरकीब बताई?

उत्तर मेमने ने माँ को यह तरकीब बताई कि तुम मुझे जादू की ढोलकी में रख देना। वह चलती जाएगी और मैं नानी के घर पहुँच जाऊँगा।

ग. नानी के घर जाते समय मेमने को कौन–कौन मिला?

उत्तर नानी के घर जाते समय मेमने को भालू, चीता, बाघ और शेर मिले।

घ. क्या बोलने पर डंडा शत्रु को मारता था?

उत्तर "बज मेरे डंडे बजता चल।

लगता चल, चलता चल।" यह बोलने पर डंडा शत्रु को मारता था।

मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न मुसीबत से बचने के लिए क्या करना चाहिए?

उत्तर मुसीबत से बचने के लिए हमें चतुराई से काम लेना चाहिए।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. जंगल में सबसे पहले मेमने को कौन मिला?

शेर चीता ✓ सियार

ख. डंडा शेर के किस अंग पर लगा?

कान पर ✓ नाक पर आँख पर

ग. मेमना नानी के घर कितने दिनों तक रहा?

एक दिन ✓ एक महीना एक वर्ष

6. किसने कहा, किससे कहा लिखिए –

क. "मेरी नानी कहाँ रहती है?"

किसने – मेमना ने किससे से – अपनी माँ से

ख. "अरे ढोलकी वाले ते कौन है?"

किसने – सियार ने किससे से – मेमना से

ग. "चल मेरी ढोलकी चलती चल।"

किसने – मेमना ने किससे से – ढोलकी से

7. दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

क. माँ, तुम मुझे एक जादू की ढोलकी में रख देना।

ख. जंगल में मेमने को भेड़िया, भालू, चीता, बाघ और शेर मिले।

ग. ढोलकी में लुढकता हुआ मेमना अंत में नानी के घर पहुँचा।

घ. मेमना नानी के घर खा–पीकर खूब मोटा हो गया।